मैया तेरा नाम | By Raj Saroha |

महिमा तेरी है सबसे निराली
हे माँ मेरी शेरावाली
सबके बनाती बिगड़े काम
गूँज रहा है जग में मैया
बस तुम्हारा नाम

ऊँचे पर्वत भवन बनाया
तेरा भेद किसी ने ना पाया
नाम तेरे की ज्योत जगाऊँ
राज राज दर्शन तेरा पाऊँ
मेरे बन जाए बिगड़े काम
गूँज रहा है जग में मैया
बस तुम्हारा नाम

भक्तों के दुख हरने वाली
तू ही दुर्गा तू ही काली
द्वार तुम्हारे जो भी आए
जीवन में वो खुशियाँ पाए
मेरे बन जाए हर काम
गूँज रहा है जग में मैया
बस तुम्हारा नाम

दर पे आऊँ शीश झुकाऊँ
मन की मुरादें तुझसे पाऊँ
लिख लिख भजन मैं तुझको सुनाऊँ
नाम तेरे की महिमा गाऊँ
तेरा राज करे गुणगान
गूँज रहा है जग में मैया
बस तुम्हारा नाम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-raj-saroha/